हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 19 जून 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

4
रायगढ़ में दूसरे जिलों का खप रहा खाद तमनार में पकड़ा गया 52 बोरी डीएपी



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
19 जून 2026
कूपन नं. 4

### कलेक्टर ने सुविधाओं के विस्तार की रूपरेखा बनाने की चर्चा

# खुड़िया रानी मंदिर क्षेत्र को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विकासखंड बगीचा, ग्राम छिछली में स्थित खुड़िया रानी मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र के सौंदर्यीकरण और एक बेहतर पर्यटन क्षेत्र के तौर पर विकसित करने हेतु एक व्यापक रूपरेखा बनाने कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने बुधवार को खुड़िया रानी सेवा समिति, जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम के प्रबुद्धजनों के साथ बैठक कर क्षेत्र के समग्र विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने इस क्षेत्र के विकास के लिए मूलभूत चीजों और यहां पर विकसित किए जा सकने वाले आवश्यकताओं के बारे में पूछा।

कलेक्टर श्री व्यास ने उपस्थित लोगों से क्षेत्र में उपलब्ध सुविधाओं, आवश्यक मूलभूत संरचनाओं तथा पर्यटन विकास की संभावनाओं के संबंध में सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार खुड़िया रानी क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं का विस्तार करते हुए सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा, जिससे यह क्षेत्र एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो सके। इस दौरान वहां जिला पंचायत सदस्य गेंद बिहारी सिंह, सरपंच मानमती बाई, खुड़िया रानी सेवा समिति के अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, जनप्रतिनिधि जयशंकर यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गांव के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने क्षेत्र में बिजली एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था, सड़क किनारे वृक्षारोपण, आकर्षक स्वागत द्वार निर्माण, मार्केट शेड, पार्किंग सुविधा, पर्याप्त शौचालय निर्माण ⏭ शेष पेज 4 पर





### कलेक्टर छात्रावास का किया निरीक्षण

नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होते ही विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति तथा शैक्षणिक व्यवस्थाओं का आकलन कर उनमें और अधिक सुधार एवं कसावट लाने के उद्देश्य से कलेक्टर रोहित व्यास ने विभिन्न विद्यालयों एवं छात्रावासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, मूलभूत सुविधाओं एवं छात्रावास संचालन की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी क्रम में कलेक्टर श्री व्यास ने बुधवार को प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास रौनी, विकासखंड बगीचा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में प्रदर्शित सूचना बोर्ड पर सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक जानकारी के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रमुख संवैधानिक एवं प्रशासनिक पदों पर आसीन व्यक्तियों के नाम अंकित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने छात्रावास परिसर का निरीक्षण करते हुए जिन स्थानों पर पंखों की व्यवस्था नहीं है, वहां शीघ्र पंखे लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बिजली के अव्यवस्थित एवं खुले तारों को तत्काल व्यवस्थित कराने को कहा, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार तोष कुमार सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन पटेल, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने खुड़िया रानी मंदिर के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

जिला पंचायत सदस्य श्री गेंद बिहारी सिंह और कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने लगभग 450 सीढ़ियां उतरकर विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा की कुलदेवी खुड़िया रानी मंदिर जाकर माता के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। उन्होंने लगभग 100 मीटर लंबी एक गहरी और अंधेरी पहाड़ी गुफा में चलकर माता के दर्शन किए। गुफा के भीतर वर्षभर बहने वाली प्राकृतिक जलधारा इसकी विशेष पहचान है। मंदिर परिसर एवं आसपास का मनोरम प्राकृतिक वातावरण, हरे-भरे पहाड़ और प्राकृतिक सौंदर्य श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करता है।




## मोबाइल टॉवर पर चढ़ी नाबालिग तीन घंटे तक चला हाइवोल्टेज ड्रामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के तुमला थाना क्षेत्र के गंजियाडीह गांव में बुधवार को एक नाबालिग बालिका के मोबाइल टॉवर पर चढ़कर तीन घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। घंटों के अथक प्रयास के बाद बालिका को टावर से उतारा गया। बताया जा रहा है कि बालिका अपने कथित प्रेमी की शादी से नाराज होकर टॉवर पर चढ़ी थी।

ग्रामीणों ने बालिका को टॉवर पर देखा तो तत्काल डायल 112 और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बालिका को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया है। बालिका करीब तीन घंटे तक टॉवर पर चढ़ी रही, जिसके कारण मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार युवती कोल्हनझरिया गांव की



निवासी बताई जा रही है। पुलिस और ग्रामीण लगातार बातचीत कर उसे समझाने का प्रयास करते रहे। अंततः उसे उतारने में सफल हुए।

### दी जा रही समझाइश

मामले की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से नाबालिग बालिका को सुरक्षित नीचे उतारकर समझाइश दी जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

-ध्रुवेश जायसवाल, एसडीओपी, पत्थलगांव।

## खबर संक्षेप

### जशपुर में राज्य महिला आयोग की सुनवाई 22 को

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सुनवाई अब जिले में होगी। महिला एवं बाल विकास जशपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार यह सुनवाई 22 जून को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष जशपुर में आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरण मयी नायक एवं सदस्य प्रियम्वदा सिंह जूदेव की उपस्थिति में जशपुर जिले से प्राप्त शिकायती प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। सुनवाई में संबंधित पक्षकारों का प्रकरणों के निराकरण तक उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।

### जिले की सभी जनपद पंचायतों में प्लेसमेंट कैंप 22 से

**जशपुरनगर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जशपुर द्वारा 22 जून से 3 जुलाई तक जिले के सभी जनपद पंचायतों में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में एसआईएस लिमिटेड जशपुर द्वारा कुल 596 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। कैंप प्रतिदिन प्रातः 11,00 बजे से संबंधित जनपद पंचायत में आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एसआईएस लिमिटेड जशपुर में सुरक्षा गार्ड के पुरुषों के 396 पद, पर्यवेक्षक के 100 पद, एसआईएस एसएलवी के 50 पद एवं सुरक्षा अधिकारी के 50 पदों पर रिक्तियां प्राप्त हुई हैं। सुरक्षा गार्ड व एसआईएस एसएलवी हेतु 10 वीं व 10 वीं फेल, पर्यवेक्षक हेतु 12 वीं उत्तीर्ण तथा सुरक्षा अधिकारी हेतु स्नातक योग्यता निर्धारित है। कैंप का आयोजन तिथिवार किया गया है इनमें 22 जून 2026 को बगीचा, 23 जून 2026 को पत्थलगांव, 24 जून 2026 को कांसाबेल, 25 जून 2026 को फरसाबहार, 26 जून 2026 को कुनकुरी, 27 जून 2026 को नारायणपुर, 29 जून 2026 को दुलदुला, 30 जून 2026 को मनोरा, 01 जुलाई 2026 को सन्ना, 02 जुलाई 2026 को जशपुर एवं 03 जुलाई 2026 लाइवलीहुड कॉलेज में कैंप लगाया जाएगा।

### सरिता बनीं पर्यावरण सारथी स्टार कैंपेनर




**जशपुरनगर।** भीषण गर्मी में इन्सान के साथ पशु पक्षी भी जल ,भोजन एवं आवास के लिए संघर्ष करते हैं ऐसे समय में राज्यपाल से पुरस्कृत, समाजसेवी लेखिका एवं शिक्षिका सरिता नायक ने मानवता व प्रकृति प्रेम पर्यावरण के संरक्षण हेतु एक मिसाल पेश करते हुए पक्षियों हेतु दाने एवं पानी के व्यवस्था की सराहनीय पहल की। उनके इस प्रेरणा दायी कार्य को देखते हुए उन्हें मैं हूं पक्षी मित्र राष्ट्रीय बर्ड फीडर अभियान 2026 के अंतर्गत सम्मानित किया गया। उन्होंने इस अभियान में अपने परिवार, परिचित शिक्षकों उनके विद्यालय के छात्रों युवा वर्ग ग्रामीण जन वरिष्ठ नागरिकों को जोड़ा। उसके पश्चात अन्य जिलों रायपुर ,बिलासपुर कोरबा बलरामपुर अम्बिकापुर सूरजपुर के लोगों को भी जोड़कर एक मिसाल पेश की जिसके लिए उन्हें मैं हूं पक्षी मित्र राष्ट्रीय बर्डफीडर अभियान 2026 के तहत पर्यावरण सारथी स्टार कैंपेनर से सम्मानित किया गया यह राष्ट्रीय स्तर का सम्मान है।

## मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से दूरस्थ गांवों को मिली नई रफ्तार

- कम खर्च में सुविधाजनक सफर से ग्रामीणों को मिल रही बड़ी राहत

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना 2025 के तहत जिले में ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर परिवहन सुविधा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। योजना अंतर्गत जिले में कुल 11 बसों का संचालन किया जा रहा है। जिससे दूरस्थ गांवों में रहने वाले लोगों को अब सुगम, सुरक्षित और किफायती आवागमन की सुविधा मिल रही है।

जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ये बसें जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर संचालित हो रही हैं। इनमें कैलाशगुफा से बगीचा, सन्ना से चम्पा, कोतबा से बुलडेगा, तेलाईन से फरसाबहार, रनपुर से कांसाबेल, दोकड़ा से दुलदुला, जशपुर से हर्री , जशपुर से बिचीटोली, जूनाडीह से बासनतला, पत्थलगांव से नारायणपुर तथा दुलदुला से अबिरा जैसे महत्वपूर्ण रूट शामिल हैं। इन बसों के संचालन से ग्रामीण अंचलों के लोगों को अब कम खर्च में सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिल रहा है। ⏭ शेष पेज 4 पर



## सिविल अस्पताल के डाक्टरों समेत तीन दर्जन से अधिक कर्मचारियों को नोटिस

- ज्वाइंट डायरेक्टर के निरीक्षण के दौरान मिली थीं खामियां

**पत्थलगांव।** सिविल अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को गंभीरता से लेते हुए ज्वाइंट डायरेक्टर अनिल शुक्ला ने कड़ाई करते हुए अस्पताल के डॉक्टरों समेत 3 दर्जन से ज्यादा स्वास्थ्य कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा है कि जबाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि सरगुजा संभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर अनिल शुक्ला ने बुधवार को सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। बिना किसी सूचना के श्री शुक्ला सिविल अस्पताल आ धमके। उन्होंने निरीक्षण के दौरान देखा कि अस्पताल की अव्यवस्था व्याप्त है। इस पर उन्होंने बीएमओ समेत डाक्टरों व कर्मचारियों को फटकार भी लगाई थी। ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी बड़े अधिकारी ने बिना किसी पूर्व सूचना दिए निरीक्षण करने अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने अस्पताल की खामियों को बताया। डॉक्टरों नर्सो एवं स्टाफ के द्वारा जिम्मेदारी पूर्वक काम नहीं किए जाने की बात कही, जिसके कारण आम जनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। यहां तक कि अस्पताल से निजी अस्पतालों में मरीजों को रेफर करने की बात सामने आई थी। जिस तरह से सिविल अस्पताल की लापरवाही सामने आई है।




जेडी ने दिए 108 के टीएमटी को हटाने के निर्देश, बीएमओ को नोटिस

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जिले में चला महा स्वच्छता अभियान

- सभी मंडलों में श्रमदान, स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे बढ़ता भारत, बदलता भारत₹ जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह के निर्देशानुसार गुरुवार को जशपुर जिले के सभी मंडलों में 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' के संकल्प के साथ विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के तहत जिलेभर के मंडलों में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक स्थलों पर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी का आह्वान किया। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, मंदिर परिसरों, चौक-चौराहों एवं अन्य स्थानों की साफ- सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।



इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया है, जिसके सकारात्मक परिणाम आज पूरे देश में दिखाई दे रहे हैं। स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है और विकसित भारत के निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

कार्यक्रम के माध्यम से मोदी सरकार के 12 वर्ष विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के सफल कार्यकाल का उल्लेख करते हुए केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की भी जानकारी दी गई।

### नशा मुक्ति केन्द्र में 1 माह का निशुल्क पुनर्वास

**जशपुरनगर।** जिले में नशा से मुक्ति के लिए नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र का संचालन विगत 2 वर्षों से किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग जशपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार यह केन्द्र भागलपुर रोड, रणजिता स्टेडियम के पीछे, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने जशपुर नगर, जिला जशपुर में स्थित है। नशा मुक्ति केन्द्र के अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जशपुर जिले में अब तक कुल 170 हितग्राहियों को नशामुक्ति हेतु 01 माह का पुनर्वास कराया जा चुका है जिससे हितग्राहियों को बहुत लाभ मिला है। केन्द्र में निशुल्क योग, भोजन, आवासीय सुविधा, काउंसलिंग एवं मनोरंजन के साधन उपलब्ध हैं। जशपुर जिले के लोगों से अपील की जाती है कि नशा में लिप्त व्यक्ति या परिवार नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र जशपुर में भर्ती होकर पुनर्वास का लाभ ले सकते हैं।

## जमीन का ले आउट करने गए इंजीनियर से मारपीट कर लूटा लैपटॉप

**अम्बिकापुर।** शहर में इंजीनियर के साथ मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। इस घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के गांधीनगर डेयर फार्म रोड निवासी 29 वर्षीय अमर कुशवाहा आ. भोला कुशवाहा के मामा रामनाथ कुशवाहा की कुशवाहा चौक केदारपुर में जमीन स्थित है। उक्त भूमि पर बाउंड्रीवाल निर्माण कराया गया है और 14 जून को मकान निर्माण के लिए अमर कुशवाहा इंजीनियर को बुलाया था। इस दौरान दोपहर में 1.10 बजे जब अमर कुशवाहा व इंजीनियर लक्ष्मी नारायण जमीन का ले आउट कराकर निकल रहे रहे तो सूर्या कुशवाहा, भगवान कुशवाहा, लोकेश्वर कुशवाहा ने उन्हें घेर लिया और मकान नहीं बनाने देने की की बात कहते हुए अमर कुशवाहा और इंजीनियर लक्ष्मी नारायण के साथ गाली गलौज और मारपीट की। इसके साथ ही सूर्या कुशवाहा ने कार में रखा लैप टॉप और लोकेश्वर कुशवाहा इंजिनियर का लेबल मशीन को लूट लिया। मारपीट और लूटपाट की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है।

### बिजली दरों में वृद्धि के विरोध के कांग्रेस नेता एवं विधायक उमेश पटेल ने ली प्रेस कांफ्रेंस

# छत्तीसगढ़ की जनता पर सरकार ने दोहरा आर्थिक बोझ डाला: उमेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

खरसिया विधायक व पूर्व शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने गुरूवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार को हाल ही में की गई बिजली दरों में बढ़ोतरी को तत्काल वापस लेना होगा। उर्जा संकट के दौरान डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की महंगाई से जूझ रही छत्तीसगढ़ की जनता पर सरकार ने दोहरा आर्थिक बोझ लाद दिया है।

श्री पटेल ने कहा कि सरकार को राजस्व हानि की पूर्ति उद्योगपतियों और सरकारी विभागों पर बकाया 20 हजार करोड़ रुपए की बिल वसूली करके करनी चाहिए। उन्होनें बताया कि प्रदेश सरकार ने विधानसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में इस बकाया राशि की जानकारी दी है। स्मार्ट मीटर को तत्काल हटाने की मांग करते हुए विधायक पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। लेकिन वहां की सरकार ने स्मार्ट मीटर योजना वापस ले लिया है। इससे साबित होता है कि स्मार्ट मीटर में कोई फाल्ट है। जिसका प्रदेश की जनता लगातार शिकायत कर रही है,लेकिन सरकार और प्रशासन इसे सुनने के लिए तैयार नहीं है।

उमेश पटेल ने कहा कि ढाई साल के कार्यकाल में भाजपा सरकार लगभग 60 पैसे की वृद्धि बिजली दरों में कर चुकी है। जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने पांच साल में महज दो पैसे की ही वृद्धि की थी। उन्होनें कहा कि जब प्रदेश के रहवासी गंभीर उर्जा संकट से गुजर रहे हैं तो सरकार को कम से कम बिजली दरों में कटौती करके राहत देना चाहिए। इससे किसान,व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा और आर्थिक संकट से निबटने में सहायता मिलेगी।




### सरकार गंभीर नहीं

सरकार इस आसन्न गंभीर आर्थिक संकट को लेकर तनिक भी चिंतित नजर नहीं आ रही है। उन्होनें कहा कि उर्जा संकट और मानसून की बेरूखी आने वाले कुछ महिनों में भीषण महंगाई की ओर संकेत कर रहे हैं। इसे लेकर अभी सतर्क रहने और उपाय करने की जरूरत है।जिले में इन दिनों चल रहे हवाई सर्वे को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए विधायक उमेश पटेल ने कहा कि उन्हें भी इस सर्वे की जानकारी मिली है। लेकिन यह सर्वे कौन और किस उद्देश्य से करा रहा है,इसकी जानकारी विधानसभा के आसन्न सत्र में सरकार से पूछा जाएगा।

### इनकी रही उपस्थिति

पत्रकारवार्ता में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष यूडी मिंज, पूर्व विधायक विनय भगत, डीडीसी आरती सिंह, जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सागर यादव, ब्लाक अध्यक्ष सतीश गुप्ता, मनमोहन भगत, अनोज गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हीरू राम निकुंज, सहस्त्रांशु पाठक, प्यारी कुजूर, रत्ना पैंकरा, रवि शर्मा सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



बच्चो, अगर तुम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हो तो तुम्हें नित्य योग करना होगा। इससे ना सिर्फ तुम्हारा दिमाग तेज होगा, मन भी शांत और प्रसन्न रहेगा। योग के और क्या-क्या फायदे हैं, जानो।

# नियमित करोगे योग हमेशा रहोगे निरोग

प्रेरणा
डॉ. मोनिका शर्मा

प्यारे बच्चो, हम सब फिट रहना चाहते हैं। बीमारियों के चंगुल से दूर रहना चाहते हैं। मतलब शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हैं। यह नियमित योग करने से ही संभव है। बच्चो, एक बात और, योग एक संपूर्ण जीवनशैली है। इसमें व्यायाम के साथ ही अच्छी फूड हैबिट्स और सही दिनचर्या भी जरूरी है। ऐसा करने से ही योग करने के अनेक लाभ तुमको मिल पाएंगे।



## फिट और एक्टिव रहोगे

बच्चो, नियमित योग करने से शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने में बहुत मदद मिलती है। योग अभ्यास को अपने जीवन का हिस्सा बना लो तो तुम्हारे शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी के साथ ही इम्यूनिटी भी बढ़ेगी। योग से शरीर की मसल्स मजबूत बनती हैं। इसीलिए अपना मनपसंद खेल खेलते हुए तुम्हें थकान नहीं होगी। शारीरिक ताकत लगने वाली एक्टिविटीज करने में और आनंद आएगा। भारी बस्ता उठाने वाले कंधों में बल मिलेगा। योग अभ्यास करने से बॉडी का पोश्चर भी सही रहता है। स्कूल, ट्यूशन और घर में लंबे समय तक बैठकर पढ़ने या लैपटॉप पर काम करने से पोश्चर बिगड़ जाता है। खराब मुद्रा में बैठने, खड़े होने या लेटने से गर्दन, कंधे और बैक में पेन होने लगता है। ऐसे में रोजाना आधे घंटे भी योग को अपने रूटीन का हिस्सा बना लिया जाए तो बॉडी पोश्चर सही रखा जा सकता है।

## मन रहता है शांत

योग करने से मन भी बहुत शांत रहता है। मस्तिष्क में एक संयत सक्रियता बनी रहती है, जिससे एग्जाम का स्ट्रेस, होमवर्क की टेंशन और किसी प्रतियोगिता में पीछे रह जाने का डर भी नहीं घेरता। योगासनों का अभ्यास तुम्हें पूरी एकाग्रता से अपना काम करने का मानसिक बल देता है।

## बढ़ती है मेंटल स्ट्रेंथ

बच्चो, स्कूल की गतिविधियां हों या नियमित पढ़ाई। ट्यूशन के प्रोजेक्ट्स हों या क्लासरूम में मिला होमवर्क। ये सब कुछ करने के लिए मेंटल स्ट्रेंथ बहुत जरूरी है। तुम इस बात को खुद समझते हो कि बिना थके, बिना रुके, अपने रुटीन को फॉलो करना बहुत जरूरी है। मन की शक्ति से ही ऐसे हर फ्रंट पर अच्छे से परफॉर्म किया जा सकता है। योग करने से हमें यह सब करने का मानसिक बल भी मिलता है। योग से ही जुड़े प्राणायाम और मेडिटेशन के अभ्यास मन को शांत-सहज रखते हैं। किसी भी तरह के तनाव से दूर रखते हैं, जिससे अच्छी नींद आती है। चाइल्ड पोज (बालासन) नाम का आरामदायक आसन, हमारी नर्व्स को शांत कर थकान और एंग्जाइटी दूर करने में बहुत उपयोगी होता है। मस्तिष्क की कोशिकाओं को सक्रिय करने वाले योग आसनों से न केवल याददाश्त बढ़ती है, फोकस्ड रहने में भी मदद मिलती है।



## बनते हैं इमोशनली स्ट्रॉन्ग

बच्चो, क्या तुम्हें भी जल्दी गुस्सा आ जाता है? कोई मजाक बनाए तो रो पड़ते हो? थोड़ी देर के लिए भी अकेले रहने में घबराहट होती है? स्विमिंग, साइकिलिंग, स्केटिंग जैसी किसी नई स्किल को सीखने में डर लगता है? अगर ऐसा है तो योग को अपने रुटीन का हिस्सा बनाकर तुम इमोशनली स्ट्रॉन्ग बन सकते हो। बच्चो, इमोशनल बैलेंस से हमें किसी भी एक्टिविटी को करने में डर नहीं लगता। इमोशनली स्ट्रॉन्ग होने से हर काम को रचनात्मक ढंग से सीखने-समझने की अप्रोच आती है।

असल में योग एक सधी हुई टेक्निक-सी है। यह हमें ऊर्जावान, खुशहाल और सकारात्मक सोच का धनी बनाता है। साथ ही गुस्सा, ईर्ष्या, उदासी और डर जैसी नकारात्मक भावनाओं से भी बचाती है। *

## योग अपनाएं!

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल


एआई इमेज

जीवन में हो योग योग का,
मिट जाएगा नाम रोग का।
अद्भुत शांति योग से मिलती,
खुशियाली की बगिया खिलती।

घोर तनाव सदा घटता है,
और लचीलापन बढ़ता है।
प्रतिरोधक क्षमता यह देता,
विकृतियों को हर लेता।
मन-शरीर दोनों को जोड़े,
गलतफहमियां सारी तोड़े।
नियमित जब अभ्यास करेंगे,
तन में ऊर्जा नई भरेंगे।
ठीक देर तक कभी न सोना,
समय योग का तुम मत खोना।
सुंदर अपना स्वास्थ्य बनाएं,
बच्चो, चलो योग अपनाएं।

फीलिंग्स

# लव यू पापा!

हमारे पापा हमें बहुत प्यार करते हैं। वे हर कदम पर हमारा हौसला बढ़ाते हैं, हमें मोटिवेट और इंस्पायर करते हैं। उनके साथ बिताए गए पल स्पेशल-मेमोरेबल हो जाते हैं। फादर्स-डे के अवसर पर टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपने पापा के साथ की स्पेशल मेमोरीज, उनकी सीख **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं। यह भी बता रहे हैं, इस फादर्स-डे पर उनकी क्या खास प्लानिंग्स हैं।

## मेरे लिए पापा से बेहतर कोई नहीं : अथर खान



सोनी सब चैनल पर हाल ही में शुरू हुए पौराणिक धारावाहिक 'हस्तिनापुर के वीर' में अथर खान किशोर युधिष्ठिर की भूमिका निभा रहा है। इस किरदार में वह दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। फादर्स-डे के खास मौके पर अथर अपने पिता से जुड़ी कुछ खूबसूरत यादों के बारे में बताता है, 'वैसे तो मेरे लिए पापा के साथ बिताया हुआ हर पल खास होता है। मेरी सबसे प्यारी यादों में से एक पल वह है, जब मेरी एक बर्थ-डे पर पापा के साथ मैंने जमकर डांस किया था। हमारे रिलेटिव्स और फ्रेंड्स ने हमें चीयर किया था। मेरे लिए मेरे पापा से बेहतर कोई और नहीं हो सकता।' अपने पापा की कही कुछ बातें अथर के लिए लाइफ लेसंस की तरह हैं, ये बातें कौन-सी हैं, वह बताता है, 'पापा ने मुझे दो बहुत जरूरी बातें सिखाई हैं। पहली, अपना काम हमेशा दिल और मेहनत से करो। साथ ही काम में एक ईमानदारी भी हो। पापा की दूसरी सीख यह है कि जिंदगी में सफलता के बाद कभी घमंड नहीं करो। घमंड में आकर इंसान नीचे आना शुरू कर देता है।' फादर्स-डे के लिए अथर का क्या स्पेशल प्लान है, वह बताता है, 'इस दिन मैं पापा के साथ पूरा डे-आउट प्लान करूंगा। उनके साथ घूमूंगा, लंच और डिनर भी करूंगा।' फादर्स-डे के मौके पर अथर का अपने पापा के लिए क्या मैसेज है, वह बताता है, 'पापा, मेरे लिए आप बहुत मेहनत करते हैं। हमेशा मेरा हौसला बढ़ाते हैं। पढ़ाई हो, शूटिंग हो या फिर कुछ और, हर परिस्थिति में मेरा साथ देते हैं। लव यू पापा! हैप्पी फादर्स-डे!' *

## इंस्पायर करती हैं पापा की बातें : हरिति जोशी



सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा के किरदार में हरिति जोशी ने दर्शकों का दिल जीत रखा है। अपने पापा से जुड़ी स्पेशल मेमोरी शेयर करते हुए वह बताती है, 'एक बार मैं अपने पापा और पूरी फैमिली के साथ घूमने गई थी। उस दिन हमने साथ में गेम्स खेले, खूब मस्ती की। बहुत सारी तस्वीरें खिंचवाईं और अपनी पसंदीदा चीजें भी खाईं। हम सबने मिलकर इतना अच्छा टाइम स्पेंड किया कि वह दिन मेरी सबसे खूबसूरत यादों में शामिल हो गया।' हरिति को अपने पापा की कही बातें बहुत इंस्पायर करती हैं, वह बताती है, 'मेरे पापा कहते हैं, अपने काम हमेशा मेहनत और ईमानदारी से करना चाहिए। मेहनत और ईमानदारी से किया गया काम कभी बेकार नहीं जाता।' फादर्स-डे के लिए हरिति ने क्या कुछ स्पेशल प्लान किया है, वह बताती है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैं अपने पापा के लिए हाथ से बनाया हुआ एक सुंदर-सा कार्ड और एक छोटा-सा गिफ्ट दूंगी। मैं उनके साथ पूरा दिन स्पेंड करूंगी ताकि उन्हें महसूस हो कि वे मेरे लिए कितने स्पेशल हैं।' फादर्स-डे पर हरिति का अपने पापा के लिए स्पेशल मैसेज है, 'पापा, आप मेरे सबसे बड़े हीरो हैं। आप हमेशा मेरा साथ देते हैं, मुझे हिम्मत देते हैं। मेरे हर सपनों पर फेथ करते हैं। इससे मुझे आगे बढ़ने की ताकत मिलती है। हैप्पी फादर्स-डे, पापा! आई लव यू!' *

प्रस्तुति : बालभूमि

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## पर्यावरण संरक्षण की सीख देती रोचक कहानियां

बच्चो, तुम्हारे लिए मजेदार शीर्षक वाली एक नई किताब आई है-'जंगल गाने लगा।' इस किताब में तुम्हारे लिए चार बड़ी रोचक कहानियां हैं। शीर्षक कहानी में हाथियों के आतंक से गांव वाले बहुत परेशान थे। एक दिन गांव वालों ने आपस में मिलकर तय किया कि वे रात में जागकर हाथियों को भगाने के लिए ढोल बजाएंगे और पटाखे छोड़ेंगे। उनकी तरकीब काम आई। हाथियों ने गांव में आना बंद कर दिया। इस तरह गांव वाले खुश थे। उन्हें लगने लगा जैसे कि पूरा जंगल गा रहा है, वे एकजुट होकर नाच रहे हैं। दूसरी कहानी 'हरियाली और खुशहाली' में दो भाइयों मोहन और सोहन ने मिलकर गांव में पहले तालाब खोदा फिर गांव के बुजुर्गों की सलाह और अन्य लोगों की मदद से पूरे गांव की तस्वीर ही बदल दी। अब गांव में हरियाली और खुशहाली दोनों एकसाथ दिखाई देने लगी। तीसरी कहानी 'बरगद की मौत' में बताया गया है कि शुद्ध पर्यावरण के लिए पेड़ों को न केवल लगाना जरूरी है, उनकी देखभाल करना भी जरूरी है ताकि वे बचे रहें। असल में गांव वालों की लापरवाही से हरा-भरा बरगद का पेड़ कटकर गिर गया था। इस घटना से गांव के बच्चों का मन बहुत आहत हुआ। उन्होंने मिलकर संकल्प लिया कि वे गांव में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर उसे हरा-भरा बनाएंगे। अंतिम कहानी 'पेड़ों से श्रृंगार' भी पर्यावरण संरक्षण पर आधारित है। कहानी कहती है कि अगर धरती पर पेड़ रहेंगे, तो न केवल हम स्वस्थ- सुरक्षित रहेंगे, हमारी अगली पीढ़ी को भी इसका लाभ मिलेगा। जानवरों पर केंद्रित मुखपृष्ठ तो इतना आकर्षक है कि किताब देखते ही इसे उठाकर पढ़ने का मन करता है। *




**किताब:** जंगल गाने लगा (बालकथा संग्रह), **लेखक:** अंकुश्री
**मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज

## जीके क्विज-210

1. देश के अगले आर्मी चीफ कौन होंगे?
2. 23वें फीफा वर्ल्ड कप 2026 का उद्घाटन कहां किया गया?
3. हाल में पीएम नरेंद्र मोदी को किस देश ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया?
4. भारतीय सेना में सर्वोच्च वीरता पुरस्कार कौन-सा है?
5. इसरो का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. ताजमहल का निर्माण किस मुगल शासक ने करवाया था?
7. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
8. विद्युत धारा का एसआई मात्रक क्या है?
9. भारत का पहला सुपर कंप्यूटर कौन-सा था?
10. हॉकी में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?



**बच्चो, जीके क्विज-210 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-209 का उत्तर :** 1.आर. प्रज्ञानंदा, 2.डी.के. शिवकुमार, 3.ऑस्ट्रेलिया और मलेशिया, 4.योगासन, 5.अश्विनी वैष्णव, 6.हाइड्रोजन, 7.कर्जन, 8.टोकोफेरॉल, 9.ग्यानिमिड, 10.21 जून

**जीके क्विज-209 का सही उत्तर देने वाले :** डिंपल-गरियाबंद, कबीर-हिसार, साहिल-ईमेल से, हरि कृष्ण-लुधियाना, कमल-रायपुर, सुदीप-बिलासपुर, प्रिया-बलौदा बाजार, सुमंत-महासमुंद, जिया-दुर्ग, किशन-रोहतक, संचिता-भोपाल



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

जरा-सी तबीयत बिगड़ी नहीं कि वैभव स्कूल जाना बंद कर देता। वह छोटी-छोटी तकलीफों को बहुत बड़ी तकलीफ मान लेता था। लेकिन एक दिन जब उसने देखा, पापा के हाथ में फ्रैक्चर होने पर भी उन्होंने अपने काम बंद नहीं किए, बोले, 'शो मस्ट गो ऑन!' वैभव को यह बात कितनी समझ में आई, क्या उसमें कोई बदलाव आया?

# पापा ने कहा शो मस्ट गो ऑन!

वैभव पिछले दो दिनों से स्कूल नहीं जा रहा था, क्योंकि उसके दांत में दर्द था। हालांकि दर्द हल्का ही था, बहुत तेज नहीं था, लेकिन जब मम्मी ने दांत पर लौंग का तेल लगा दिया तो दर्द और कम हो गया था, लेकिन वैभव की आदत थी कि वह ऐसी छोटी-मोटी तकलीफों को भी बहुत बड़ी समस्या मान लेता था। अब दांत के इसी दर्द के कारण वह न सिर्फ स्कूल से छुट्टी पर था, बल्कि शाम को दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने भी नहीं जा रहा था।

वैभव को कभी हल्का-सा बुखार हो जाता या छोटी-मोटी चोट लग जाती या फिर हल्का-सा पेटदर्द हो जाता, वह स्कूल जाना और दोस्तों के साथ खेलना बंद कर देता था। सारा दिन बीमारों की तरह बिस्तर पर ही पड़ा रहता था। मम्मी-पापा उसे बहुत समझाते कि इस तरह की छोटी-मोटी तकलीफों को इतना बड़ा समझना ठीक नहीं है, मगर उनकी इन बातों का उस पर कोई असर नहीं होता था।


एआई इमेज

शाम को वैभव बिस्तर पर लेटकर टीवी देख रहा था, तभी पापा अपनी दुकान बंद करके घर वापस आए। उसके पापा संगमरमर की मूर्तियों का व्यापार करते थे। वैभव ने देखा कि उनकी दाईं कलाई पर प्लास्टर लगा हुआ है। मम्मी के पूछने पर पापा ने बताया, 'दोपहर को दुकान के शेल्फ में रखते वक्त एक बड़ी मूर्ति मेरी दाईं बांह पर गिर गई थी। खून तो नहीं निकला, लेकिन चोट के कारण कलाई में बहुत तेज दर्द होने लगा, मुझे डॉक्टर के पास जाना पड़ा। डॉक्टर ने मुआयना करके एक्स-रे करवाया तो पता चला कि मेरी दाईं कलाई में हल्का-सा फ्रैक्चर हो गया है। इसलिए डॉक्टर ने मेरी कलाई पर चार हफ्ते के लिए प्लास्टर लगा दिया है।' यह सब जानकर वैभव ने पूछा, 'पापा, अब तो चार हफ्ते तक दुकान बंद रहेगी न!'

'बंद क्यों रहेगी दुकान?' पापा हैरानी से बोले।

'क्योंकि, आप चार हफ्ते तक दुकान पर जा नहीं सकेंगे न।' वैभव बोला।

उसकी बात सुनकर पापा ने जानना चाहा, 'यह तुमसे किसने कहा कि मैं अगले चार हफ्ते तक दुकान पर नहीं जा पाऊंगा?'

'आपको चोट जो लगी है न पापा, आपको प्लास्टर भी लगा हुआ है।' वैभव ने जवाब दिया।

'ठीक है बेटा, चोट लगी है और प्लास्टर भी लगा है, लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि मैं चार हफ्ते के लिए दुकान बंद करके घर पर बैठ जाऊं।' पापा धीरज के साथ बोले।

'लेकिन पापा, फिर आप ठीक कैसे होंगे?' वैभव को पापा की बात समझ में नहीं आ रही थी।

'बेटा, डॉक्टर ने मुझे पूरे चार हफ्ते के लिए बिस्तर पर आराम करने के लिए थोड़ी न कहा है! बांह पर लगे प्लास्टर का ध्यान रखते हुए मैं सब काम करता रहूंगा। दुकान पर भी जाऊंगा। हां, अगर किसी से थोड़ी-बहुत मदद लेनी पड़ी तो जरूर लूंगा। बेटा, चाहे कैसी भी रुकावटें हों, कोई काम नहीं रुकना चाहिए। शो मस्ट गो ऑन!' पापा मुस्कराते हुए बोले।

थोड़ी देर बाद वैभव ने देखा कि पापा ने बाएं हाथ से अपने जूते उतारे और मुंह-हाथ धोकर कपड़े बदले। फिर टीवी का रिमोट उठाकर कुर्सी पर बैठ गए और बाएं हाथ से टीवी के चैनल बदलने लगे। मम्मी पानी का गिलास लेकर आईं तो उन्होंने बाएं हाथ से गिलास ले लिया। फिर थोड़ी देर बाद चाय के मग को भी बाएं हाथ से पकड़ा। रात का खाना भी उन्होंने उसी हाथ से खाया। पापा को अपना बायां हाथ इस्तेमाल करते हुए देख वैभव यही सोच रहा था कि दाईं कलाई पर चोट लगी होने के कारण पापा बाएं हाथ का प्रयोग कर रहे हैं।

अगली सुबह पापा को दुकान पर जाने के लिए तैयारी करते देख वैभव बिस्तर से उतरा और रसोई में काम कर रहीं मम्मी के पास जाकर बोला, 'मम्मी, मेरा स्कूल का टिफिन भी तैयार कर देना, मैं स्कूल जाऊंगा।'

'लेकिन तुम्हारे दांत का दर्द अब ठीक है क्या?' मम्मी को मालूम था कि ऐसी कोई छोटी-मोटी तकलीफ होने पर वैभव तीन-चार दिनों तक स्कूल नहीं जाता था।

'मम्मी, दर्द तो हल्का-सा है अभी, लेकिन मुझे पापा ने बहुत बड़ी सीख दे दी है। पापा बांह में फ्रैक्चर होने पर भी सभी काम कर रहे हैं, दुकान पर भी जा रहे हैं, तो फिर मैं इस हल्के-से दांत दर्द की वजह से क्यों घर बैठा रहूं? मुझे समझ आ गया है- शो मस्ट गो ऑन!'

बाहर वॉश बेसिन के सामने बाएं हाथ से दाढ़ी बनाते हुए पापा ने वैभव के मुंह से यह सब सुना तो मुस्कुरा पड़े। *


एआई इमेज

कविता
सिराज अहमद

## मैं पापा की जान

पापा मेरे सच्चे साथी
मैं पापा की जान।
कभी-कभी गुस्सा करते हैं
जब गलती हो जाए
लेकिन अगले पल हंसकर
मुझको गले लगाएं
चीजें मुझे दिलाएं सारी
ले जाकर दुकान।
उनके कंधों पर मैं बैठूं
जब भी मेले जाऊं
दुनिया देखूं, ऐसी खुशियां
और कहीं न पाऊं
पापा अकसर कहते मुझसे
मैं उनकी पहचान।
मेहनत और मशक्कत से वह
बिल्कुल न घबराते
कभी टेंशन में रहते भी
हमको नहीं बताते
प्यारे पापा आप हमारे
इस घर की हैं शान।

## रंग भरो-204

**रंग भरो-204** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




दिव्या, बिलासपुर


आयांश, दुर्ग


पलक, अटेली मंडी


नंदिनी, उमरिया


साक्षी, रायपुर


सिद्धि, राजनांदगांव

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

वर्णिका-खैरागढ़, दिशा-बिलासपुर, श्रेया-दुर्ग, सचिन-रोहतक, रोहित-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, डॉली-दुर्ग, दीपक-जांजगीर, सौम्या-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, कुणाल-करनाल, प्रिया-कोरबा

## रंग भरो 205



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में हर्ष और खुशी अपने पापा को फादर्स-डे के मौके पर गिफ्ट दे रहे हैं। इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### अंबिकापुर-मनेंद्रगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग 43 को फोरलेन बनाने की मांग

**बिश्रामपुर।** भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनुप सिन्हा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आज शिवनंदनपुर प्रवास के दौरान उन्हें ज्ञापन सौंप कर अंबिकापुर जिला सरगुजा से मनेंद्रगढ़ तक राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-43 को फोरलेन में परिवर्तित करने की मांग की है। उन्होंने इस 120 किलोमीटर लंबे मार्ग को क्षेत्र की आवश्यकता बताते हुए शीघ्र कार्यवाही की मांग की है। मुख्यमंत्री को सौंपे गए पत्र में अनुप सिन्हा ने उल्लेख किया है कि गुमला (झारखंड) से कटनी (मध्यप्रदेश) को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग-43 वर्तमान में दो लेन का है, जबकि इस मार्ग पर लगातार बढ़ते यातायात को देखते हुए इसे फोरलेन में परिवर्तित करना आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग मध्यप्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों की ओर जाने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। साथ ही यह छत्तीसगढ़ के चार जिला मुख्यालयों-अंबिकापुर सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और एमसीबी से होकर गुजरता है। पत्र में यह भी कहा गया है कि इस मार्ग पर भारी यातायात के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिनमें बड़ी संख्या में लोग घायल होते हैं और कई लोगों की जान भी चली जाती है। अनुप सिन्हा ने विशेष रूप से नगर पंचायत शिवनंदनपुर बिश्रामपुर का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र से होकर गुजरता है, जिससे यहां लगातार जाम और दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने नगर के लिए बाईपास सड़क निर्माण की आवश्यकता भी जताई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अंबिकापुर से मनेंद्रगढ़ तक दो लेन सड़क को फोरलेन में परिवर्तित करने और क्षेत्र की यातायात समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है।

### घर में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**सूरजपुर।** जिले के पम्पापुर ग्राम पंचायत के झारपारा मोहल्ले में मंगलवार तड़के एक घर में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग



इतनी तेजी से फैली कि घर में सो रहे परिवार के चार सदस्यों को अपनी जान बचाने के लिए बाहर भागना पड़ा। गनीमत रही कि समय रहते सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद जब तक आग पर काबू पाया तब तक घर में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो चुका था। आग की लपटों और धुएं को देखकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और राहत कार्य में सहयोग किया। प्राथमिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। हालांकि पुलिस और प्रशासनिक टीम मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग ने कुछ ही मिनटों में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया था। यदि परिवार के सदस्य समय रहते बाहर नहीं निकलते तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

### सड़क पर खड़े कोयला लोड ट्रक से टकराया बाइक सवार, मौत

**सेदम।** एनएच 43 गढ़िया बहरी सेदम स्थित पेट्रोल पंप के समीप मुख्य मार्ग पर खड़े कोयला लोड ट्रक के पीछे बाइक सवार टकरा गया।



बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार रात्रि 11.30 बजे ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5090 के टायर फटने से चालक संजय यादव ट्रक को सड़क पर ही खड़ा कर बिना पार्किंग लाइट जलाए चक्का बदल रहा था। इसी दौरान बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएम 3643 सवार लखनपुर गुफाखार निवासी मोहन बोर्जे आ. नरेश बोर्जे (20 वर्ष) ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गया। बाइक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक अम्बिकापुर में मजदूरी करता है जिसका विवाह हाल ही में मैनपाट के वंदना निवासी युवती से तय हुआ था। बीती रात युवक अंबिकापुर से वंदना जा रहा था तभी दुर्घटना हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। कोयला लोड ट्रक के ड्राइवर द्वारा ट्रक को सड़क पर खड़ा किया गया था जिसमें यातायात नियमों की खुलेआम अवहेलना की गई। ट्रक के पिछले हिस्से में सांकेतिक चिन्ह भी नहीं थी और न ही पार्किंग लाईट जलाया गया था। ऐसे में अंधेरा होने के कारण बाइक सवार सीधे ट्रक के पीछे टकरा गया। ट्रक अमगांव से कोयला लोड कर उड़ीसा जा रहा था।

### शेष अतिक्रमणकारियों को एक सप्ताह की मोहलत

# प्रशासन की संयुक्त टीम ने शासकीय संस्थानों को आवंटित भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त



अतिक्रमण हटाता जेसीबी।



स्थल पर तैनात पुलिस एवं राजस्व अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामचन्द्रपुर

शासकीय संस्थानों को आवंटित भूमि पर लम्बे समय से अतिक्रमण कर घर बनाने वाले लोगों के विरूद्ध प्रशासन की संयुक्त टीम ने सख्त कार्रवाई की तथा अलग-अलग स्थानों पर शासकीय भूमि पर बने अवैध मकानों को ढहा दिया। कुछ अतिक्रमणकारियों द्वारा स्वयं अतिक्रमण हटाने की मिन्नतें करने पर प्रशासन ने उन्हें एक सप्ताह की मोहलत दी है।

**खास बातें**
- टीम ने छात्रावास, आईटीआई एवं मुख्य मार्ग के किनारे बने दो दर्जन अवैध मकानों को ढहाया
- प्रशासनिक कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप

ग्राम पंचायत रामचंद्रपुर में प्रशासन द्वारा प्री-मैट्रिक छात्रावास के पास छात्रावास निर्माण के लिए भूमि आवंटित की गई थी। इसी तरह पूर्व में आईटीआई भवन के लिए भूमि आवंटित की गई थी। शासकीय विभागों के लिए आवंटित भूमि पर अतिक्रमण कर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पक्का एवं खपरैल मकान बना लिए थे जबकि कुछ अतिक्रमणकारी झोपड़ी बनाकर भूमि के मालिक बन गए थे। अवैध अतिक्रमण की शिकायत पर प्रशासन ने राजस्व अभिलेखों के अनुसार भूमि का सीमांकन कराने के साथ ही अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर अवैध अतिक्रमण हटाने निर्देशित किया था। प्रशासन की नोटिस को गंभीरता से लेते हुए कुछ अतिक्रमणकारियों ने अपने घरों को खाली कर दिया था जबकि अधिकांश अतिक्रमणकारी नोटिस को प्रशासनिक खानापूर्ति मानकर इसे सामान्य प्रक्रिया मान रहे थे। नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद सुबह 6 बजे एसडीएम आनंद राम नेताम के नेतृत्व में पुलिस, राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की संयुक्त टीम जेसीबी लेकर पहुंची एवं अवैध अतिक्रमण को ढहाने लगी। शांति व्यवस्था के लिए प्रशासन द्वारा स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया था। टीम ने सर्वप्रथम छात्रावास की भूमि पर बने 9 अवैध मकानों को तत्काल ढहा कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। छात्रावास भूमि से अतिक्रमण हटाने के बाद प्रशासनिक टीम रामचंद्रपुर-सनावल मुख्य मार्ग पर पहुंची जहां सड़क किनारे की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर 7 अतिक्रमणकारियों ने पक्के मकान बना लिये हैं तथा कुछ अतिक्रमणकारी पक्के मकान बना रहे थे। टीम ने शासकीय भूमि पर बन रहे तीन मकानों को ढहा दिया जबकि पूर्व में मकान बनाने वाले अतिक्रमणकारियों द्वारा स्वयं अतिक्रमण हटाने की मिन्नतें करने पर एक सप्ताह की मोहलत दी गई है।

अंत में टीम आईटीआई भवन निर्माण के लिए आवंटित स्थल पर पहुंची जहां वर्षों से शासकीय भूमि पर निवासरत 12 लोगों में 3 का घर ढहा दिया तथा शेष 9 अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है।इस दौरान सुबह 6 बजे से 12.30 बजे तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चलती रही। थाना प्रभारी मनोज नौरजे ने बताया कि टीम द्वारा शेष अतिक्रमणकारियों स्वयं से अपना अतिक्रमण हटाने के लिए एक सप्ताह की मोहलत दी गई है। इस दौरान एसडीओपी बाजीलाल सिंह, तहसीलदार अश्विनी चंद्रा, नायब तहसीलदार आरसी यादव सहित बड़ी संख्या में राजस्व, पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

#### इन अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कार्रवाई

प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई के दौरान शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने पर छात्रावास भूमि पर काबिज जमरूद्दीन अंसारी, खुदा बख्श, सब्बर हुसैन, फिदा हुसैन, गद्या हुसैन, इलाही बख्श, मुबारक अली मुख्य मार्ग से सटी शासकीय भूमि पर काबिज दरोगा यादव, डेविडलाल, रोहित गुप्ता, नरसिंह तिवारी, प्रभाकर तिवारी, पन्तु अंसारी, उमाशंकर एवं आईटीआई की भूमि पर काबिज संजय सिंह, लक्ष्मी सिंह, लखन सिंह एवं चंधिन प्रजापति का अवैध अतिक्रमण हटाकर लगभग 8 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

#### जारी रहेगी कार्रवाई

शासकीय भूमि को सुरक्षित रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध प्रशासन की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**-आनंद राम नेताम**
एसडीएम, रामानुजगंज

## गायत्री भूमिगत खदान में ठेका श्रमिकों का प्रदर्शन 5 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

16 जून मंगलवार को संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) के नेतृत्व में गायत्री भूमिगत खदान के ठेका श्रमिकों द्वारा अपनी मांगों और प्रबंधन के शोषणकारी रवैये के खिलाफ पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 7 बजे से 9 बजे तक शांतिपूर्ण एवं सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। आंदोलन की समाप्ति पर संघ के पदाधिकारियों द्वारा महाप्रबंधक बिश्रामपुर क्षेत्र के नाम खान प्रबंधक श्री जे. डी. सिंह को एक 5 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया।

प्रबंधन की उदासीनता से उपजा आक्रोश-संघ के आरजीके सहक्षेत्र के सचिव सलमान खान ने बताया कि ठेका श्रमिकों की गंभीर समस्याओं को लेकर प्रबंधन को पूर्व में ही 1 जून 2026 को लिखित सूचना दी गई थी। प्रबंधन को कार्रवाई के लिए 13 जून 2026 तक का समय दिया गया था, लेकिन उनकी ओर से ना तो कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया और ना ही श्रमिको से कोई वार्ता कि गई। प्रबंधन की इसी उदासीनता और उपेक्षित रवैये से आक्रोशित होकर आज श्रमिकों को आंदोलन की राह पकड़नी पड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि जान जोखिम में डालकर काम करने वाले गरीब श्रमिकों को उनके अधिकारों से वंचित रखना स्थापित श्रम कानूनों का खुला उल्लंघन है।

#### ये हैं श्रमिकों की प्रमुख 5 सूत्रीय मांगें

सभी ठेका श्रमिकों को हर महीने अनिवार्य रूप से न्यूनतम 26 दिन का कार्य दिया जाए। वर्ष 2024-25 का लंबित बोनस का तत्काल भुगतान किया जाए और सभी को आधिकारिक 'बोनस पर्ची' दी जाए। सवेतन अवकाशः कोल इंडिया के नियमानुसार श्रमिकों को सवेतन छुट्टियो का लाभ मिले। मूलभूत सुविधाएं: श्रमिकों के परिवारों और आश्रितों के लिए समुचित शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था सुलभ कराई जाए। पारदर्शिता व सही वेतनः गायत्री भूमिगत खदान के सभी ठेका श्रमिकों को निर्धारित एचपीसी वेज दर तथा बोनस का पूर्ण व पारदर्शी लाभ दिया जाए। संघ के क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग ने प्रबंधन को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि ‘यदि इन न्यायोचित मांगों पर तत्काल सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो आगामी दिनों में इससे भी बड़ा, उग्र और चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा,उक्त प्रदर्शन में धर्मजीत, रामधन, मुरली, रामकेश एवं अन्य ठेका श्रमिकों ने अपने उद्बोधन में श्रमिकों की समस्याओं और मांगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस आंदोलन में गायत्री खदान के भारी संख्या में ठेका श्रमिक एवं संघ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आम तोड़ रही युवती की स्कूटी ले उड़े चोर

**अम्बिकापुर।** सड़क किनारे स्कूटी खड़ा कर आम तोड़ना उस समय युवती को भारी पड़ गया जब चोरों आम तोड़ रही युवती की स्कूटी को पार कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम बेलजोरा निवासी सीता तिवारी आ. जवाहर लाल तिवारी 6 जून की शाम स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईजे 3606 से सलाईनगर जा रही थी। शाम 5 बजे जैसे ही ग्राम चलता कापू रोड पुलिया के समीप पहुंची तो सड़क किनारे स्कूटी खड़ा का आम तोड़ने चली गई। कुछ देर बाद वापस लौटी तो देखा स्कूटी अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब स्कूटी का कहीं पता नहीं चला तो गत दिन घटना की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(बी) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ

**अम्बिकापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा कलाकेंद्र मैदान में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद चिंतामणि महाराज, जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, महापौर मंजूषा भगत, युवा आयोग के प्रदेश अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर तथा जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह के आतिथ्य में फीता खोलकर किया गया।इस अवसर पर सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की है। प्रदर्शनी में प्रदर्शित चित्र और जानकारी केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा देश के विकास की यात्रा को दर्शाते है। प्रदर्शनी आम जनता को सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराने का प्रभावी माध्यम बनेगी। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और जनकल्याण के स्वर्णिम काल के रूप में याद किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। प्रदर्शनी विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने का कार्य करेगी। इस दौरान पूर्व सांसद कमभान सिंह, ननि अध्यक्ष हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिला महामंत्री अरूणा सिंह, विकास पाण्डेय, मनीष सिंह, मधु चौधरी, निश्चल सिंह, आलोक दुबे, जन्मेजय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## विद्युत दरों में वृद्धि के विरोध में कांग्रेस विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



विद्युत दरों में भारी वृद्धि के विरोध में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। विद्युत दरों में वृद्धि को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने क्रमिक आंदोलन की घोषणा की है। इसी के तहत आज जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में पुतला दहन किया है।

घड़ी चौक पुतला दहन उपरांत कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने ढाई वर्ष के कार्यकाल में पांचवीं बार बिजली दरों में वृद्धि कर आम जनता, किसानों, व्यापारियों एवं मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने का कार्य किया है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली की दरों में लगातार की गई वृद्धि जनविरोधी निर्णय है, जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है। उन्होंने कहा कि ढाई साल के कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने अबतक 1.30रुपए प्रति यूनिट बिजली की दरों में वृद्धि की है। इस वृद्धि के बावजूद बिजली बिल हाफ योजना जैसी लोककल्याणकारी योजना को समाप्त कर आम जनता पर बोझ डाला गया। कीमतों में वृद्धि के बावजूद सरकार आमजन को निर्बाध रूप से बिजली सप्लाई में भी असफल रही। कांग्रेस प्रदेश महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा ने कहा कि एक ओर महंगाई लगातार बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर सरकार बिजली दरों में वृद्धि कर जनता की परेशानियों को और बढ़ाने का काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी जनता के हितों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बिजली दर वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग की तथा चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यह निर्णय वापस नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

इस क्रमिक आंदोलन के अगले चरण में 18 जून को पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में एक प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे। 18 जून को ही जिला कांग्रेस कमेटी नमना स्थित विद्युत कार्यालय का घेराव भी करेगी, जिसमें जिले भर के कार्यकर्ता शामिल होंगे। पुतला दहन कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, मो इस्लाम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह धंजल, जगन्नाथ कुशवाहा, हेमंत तिवारी, विनीत विशाल जायसवाल, सीमा सोनी, संध्या रवानी, दुर्गेश गुप्ता, अशफाक अली, जीवन यादव, गुरप्रीत सिद्धू, रजनीश सिंह, सोहन जायसवाल, सतीश बारी, दिनेश शर्मा, अमित तिवारी राजा, गीता प्रजापति, गीता रजक, आशीष जायसवाल, शुभम जायसवाल, अमित सिंह, विकास केशरी, विकास शर्मा, शिवप्रसाद अग्रहरि, काजू ख़ान, सहित अन्य मौजूद थे।



## खेल युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण की सबसे बड़ी पाठशाला : मंत्री राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

खेल और उत्साह के अनूठे संगम के बीच ग्राम बड़सरा में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता एवं शिवप्रसाद नगर में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े तथा राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा की मौजूदगी ने खिलाड़ियों का उत्साह कई गुना बढ़ा दिया। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मैदान में बल्ला थामकर चौका लगाते हुए खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

- कटकोना ने क्रिकेट, रामनगर ने कबड्डी का जीता खिताब

इस अवसर पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण की सबसे बड़ी पाठशाला है। खेल अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास और संघर्ष की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता उन्हें उचित अवसर और मंच देने की है। राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि गांवों के खेल मैदानों से ही भविष्य के खिलाड़ी तैयार होते हैं। खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ आगे बढ़ने की बात कही। बड़सरा में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मुकाबले में कटकोना की टीम ने मेजबान बड़सरा को हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। विजेता टीम को 51 हजार नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया वहीं शिवप्रसादनगर में आयोजित रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में रामनगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चबदा को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 10 हजार एवं उपविजेता टीम को 5,500 की पुरस्कार राशि व ट्रॉफी प्रदान की गई।

प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बड़सरा क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जिपं सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, रामाशंकर यादव, रामू गोस्वामी, जगनारायण सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल सतपता के युवा आर्किटेक्ट की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शुक्रवार 12 जून को एनएच 43 में जयनगर आत्मानंद विद्यालय के पास अलसुबह हुई सड़क दुर्घटना में युवा आर्किटेक्ट इंजीनियर जिनशर पिता नासिर 36 वर्ष का इलाज के दौरान रायपुर के श्री नारायणा हॉस्पिटल में निधन हो गया। बताया गया कि शुक्रवार को वह अपनी बुलेट मोटर साइकिल से साइड विजिट के लिए अंबिकापुर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही तेज अनियंत्रित रफ्तार की कार सीजी 29 एई 0502 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

- रायपुर के निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज, पैर के अंतर की नस कट जाने से हुई अंदरूनी ब्लीडिंग

घटना में बाइक समेत कार के नीचे फंसे युवा आर्किटेक्ट बीस मीटर सड़क पर घसीटते आगे चले गई ।घटना में बुरी तरह जख्मी आर्किटेक्ट को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गया।यहां मरहम पट्टी के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया लेकिन आवश्यक चिकित्सा सुविधा के अभाव में उन्हें पुनः रायपुर ले जाया गया।बताया जाता है कि घटना में उनके दाहिने पैर की नस कट जाने से भीतर भीतर ब्लीडिंग होती रही और मेडिकल कॉलेज में उनके पैर को फैक्चर बताते हुए प्लास्टर चढ़ा दिया गया।रायपुर अस्पताल में इलाज के दौरान उनके पैर में इन्फेक्शन की जानकारी के बाद उनका एक पैर काटना पड़ा,इसके बाबजूद स्थिति बिगड़ती चली गई और मंगलवार को सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई ।उनके शव को पीएम के बाद परिजन केरल लेकर रवाना हो गए हैं,कुशाग्र बुद्धि एवं मिलनसार छवि के युवा आर्किटेक्ट इंजीनियर जिन्शर की मौत की सूचना से नगरवासी स्तब्ध हैं।मृतक आर्किटेक्ट के दो बालक हैं।घटना से उनके परिवार में मातम की स्थिति निर्मित कर दी है।



## स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया अग्निशमन सुरक्षा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरियों में अग्निशमन सुरक्षा एवं बचाव संबंधी विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार तथा सीएमएचओ डॉ. विजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश जायसवाल के नेतृत्व में किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला अग्निशमन विभाग सरगुजा की टीम ने भाग लिया। 48वीं बटालियन के सब फायर ऑफिसर एवं प्रभारी फायर स्टेशन सरगुजा गुलशन कुमार तिवारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अग्निकांड की स्थिति में सुरक्षा एवं बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आग लगने के विभिन्न कारणों, आग की अलग-अलग श्रेणियों तथा उनसे निपटने के प्रभावी तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ ही अग्निशमन उपकरणों के उपयोग का प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी किया गया। प्रशिक्षकों ने फायर एक्सटिंग्विशर के संचालन की विधि समझाते हुए कर्मचारियों को स्वयं अभ्यास कराया। आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय संयमित रहकर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य करने के तरीकों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ. अवधेश साहू ने कहा कि अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में अग्निशमन सुरक्षा की जानकारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में फायर एक्सटिंग्विशर उपलब्ध रखने तथा समय-समय पर उसकी जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने में सहायक होते हैं।

## खबर संक्षेप

### युवक से लूटपाट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मार्च महीने में हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए दो लुटेरों और लूटे गए मोबाइल खरीदकर उपयोग करने वाले एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामले के अनुसार सुभाष नगर बंगाली कॉलोनी निवासी सुमित सिकदार ने 17 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 मार्च की रात वह तुमीडीह बाजार से अपने घर लौट रहा था। उर्दना तिराहा के पास काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने उसकी बाइक रोक ली। आरोपियों ने मारपीट कर उसकी जेब में रखे 7 हजार रुपए नकद और मोबाइल फोन लूट लिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस को लूटा गया मोबाइल उपयोग में होने की जानकारी मिली पुलिस ने धांगरडीपा निवासी आदित्य चौधरी को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने मोबाइल आशु बरेठ से मात्र 800 में खरीदना स्वीकार किया। मोबाइल की बरामदगी के बाद पुलिस ने आशु बरेठ को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी ने अपने साथी श्याम बरेठ और आशीष महंत के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।

### नकली शराब बिक्री के फरार सरगना की खोज तेज

**रायगढ़।** कोतरा रोड थाना क्षेत्र के धनागर ग्राम पंचायत में बीते दिनों अवैध शराब बनाने और विक्रय करने के मामले में पुलिस ने भूतपूर्व उपसरपंच सहित उसके भाई को गिरफ्तार किया था, किंतु इस गोरख धंधे का मास्टरमाइंड विनय सिंह ठाकुर इस कार्रवाई के बाद से ही फरार है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। इसी क्रम में भारी पुलिस बल ने आरोपी विनय सिंह के घर पर दबिश दी और उसके घर पर नोटिस चस्पा कर उसे तीन दिन की मोहलत दी गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसकी लगातार तलाश की जा रही है। इस मामले में पुलिस ने पहले ही धनागर के भूतपूर्व उप सरपंच दुष्यंत पटेल और उसके भाई सुभाष पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। न्यायालय में पेशी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। जांच में जुटी पुलिस फरार आरोपी विनय सिंह ठाकुर को अवैध शराब कारोबार से जुड़े नेटवर्क का प्रमुख सदस्य मान रही हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### खुड़िया रानी मंदिर...

तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास की आवश्यकता बताई। इसके साथ ही सरहा पानी नाला एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का सुझाव भी दिया गया। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित कर स्व-सहायता समूहों के माध्यम से नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था को सतत एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए यूजर चार्ज भी लिया जाए, जिससे क्षेत्र स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यटकों के लिए आकर्षक बना रहे। उल्लेखनीय है कि खुड़िया रानी मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण हेतु पूर्व में 25 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इस राशि से मार्केट शेड, चबूतरा तथा सीसी अप्रोच रोड का निर्माण कराया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ग्रामीण ...

पहले जहां निजी साधनों या महंगे वाहनों पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब कम किराए में नियमित बस सेवा उपलब्ध होने से लोगों के खर्च में उल्लेखनीय कमी आई है। इससे आमजन की आर्थिक बचत हो रही है और दैनिक आवागमन आसान हो गया है। विशेष रूप से विद्यार्थियों, किसानों, श्रमिकों और छोटे व्यापारियों को इस योजना से बड़ी राहत मिली है। छात्र अब आसानी से स्कूल और कॉलेज पहुंच पा रहे हैं, किसान अपनी उपज को कम लागत में बाजार तक ले जा पा रहे हैं, वहीं श्रमिकों को रोजगार के स्थान तक पहुंचने में सुविधा हो रही है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी अब अधिक सुगम हो गई है। मरीजों को अस्पताल पहुंचने में कम समय और कम खर्च लग रहा है, जिससे समय पर उपचार संभव हो पा रहा है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के माध्यम से न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि यह पहल ग्रामीणों के लिए राहत, सुविधा और आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बन रही है। यह योजना जिले में विकास की नई दिशा तय करते हुए लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है।

### बाराद्वार से तमनार के भालुमुड़ा लाई जा रही थी खाद की खेप

# रायगढ़ में दूसरे जिलों का खप रहा खाद तमनार में पकड़ा गया 52 बोरी डीएपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खाद को लेकर गजब खेल चल रहा है। यहां दूसरे जिले की खाद खपाया जा रहा है। इसका ताजा उदाहरण दो दिन पहले तमनार में पकड़े गए 52 बोरी अवैध डीएपी खाद है। इस खाद को किसी को किसान को किसी व्यापारी द्वारा भेजी गई थी। अवैध भंडारण की जानकारी मिली तो कृषि विभाग के अधिकारियों ने दबिश दी और खाद जब्त कर लिया है।

इस साल खाद को लेकर शुरु से ही मारामारी मची हुई है। ऐसें हालात में जिले में दूसरे जिले की खाद भी खपाने का खेल चालू हो गया है। तमनार ब्लॉक में कृषि विभाग ने अवैध उर्वरक व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सक्ती जिले के बाराद्वार से तमनार के भालूमुड़ा तक परिवहन किए जा रहे 52 बैग डीएपी उर्वरक को जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान वाहन क्रमांक सीजी 11 एबी 3152 को भी कब्जे में लिया गया। जब्त वाहन को सुरक्षित अभिरक्षा के लिए थाना तमनार में रखा गया है, जबकि जब्त उर्वरक को सेवा सहकारी समिति तमनार में सुरक्षित रखा गया है। दूसरी ओर इस तरह की कार्रवाई की बात करें तो कृषि विभाग की ओर से अब तक जिले में उर्वरक जब्ती के 4 प्रकरण तथा विक्रय प्रतिबंध के 20 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं।



#### नकली खाद की आशंका

जब्त डीएपी खाद की गुणवत्ता को लेकर भी संदेह व्यक्त किया गया है। विभाग द्वारा खाद के नमूने लेकर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं, ताकि इसकी गुणवत्ता एवं प्रामाणिकता की जांच की जा सके। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।प्रथम दृष्टया अन्य जिले से सीधे कृषक के पास उर्वरक का भंडारण किया जाना उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 का उल्लंघन प्रतीत होता है।

#### स्टॉक में अंतर बिक्री पर रोक

कृषि विभाग की जांच के दौरान प्रतीक कृषि सेवा केंद्र झींकाबहाल तमनार में भौतिक स्कंध और पीओएस स्कंध में दर्ज स्टॉक के बीच अंतर पाया गया। अनियमितता सामने आने पर विभाग ने तत्काल प्रभाव से केंद्र के उर्वरक विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को निर्धारित दर पर सही गुणवत्ता की खाद उपलब्ध कराने के लिए लगातार निरीक्षण और कार्रवाई जारी रहेगी।



## यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत मास्टर ट्रेनरों की कार्यशाला

**जशपुरनगर।** यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के शिक्षकों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर्स की कार्यशाला हुई । जिला कलेक्टर रोहित व्यास एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के निर्देश पर यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक गुणवत्ता उन्नयन हेतु जशपुर जिले के शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के शिक्षकों के उन्मुखीकरण हेतु विषय के मास्टर ट्रेनरों की एक दिवसीय कार्यशाला संकल्प शिक्षण संस्थान में संपन्न हुई ।

इस कार्यशाला में यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने कहा कि जिले में शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है क्योंकि अभी भी लगभग सात प्रतिशत विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हो रहे है और तीस प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी प्राप्त नहीं सके है 1 हमार लक्ष्य शतप्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हो। श्री गुप्ता ने मास्टर ट्रेनरों को मोटिवेट करते हुए कहा कि जिले के हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के विषय शिक्षकों में सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न कर गुणवत्ता में वृद्धि की पूरी जिम्मेदारी आप लोगों के ऊपर है इसलिए शिक्षकों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम को और ज़्यादा प्रभावशाली कैसे बनाया जाए इस पर गंभीरता से चिंतन कर कार्य करें । कार्यशाला में प्रशिक्षण के मोड्यूल , वार्षिक कैलेंडर सहित मासिक मूल्यांकन , तिमाही - छमाही परीक्षा आदि विषयों पर भी चर्चा की गई । इस वर्ष प्रशिक्षण के मोड्यूल में परिवर्तन किया जा रहा है और प्रत्येक विषय के शिक्षण को कैसे रोचक बनाया जाये इस पर विषयवार तथा इकाईवार योजना तैयार की गई है 1 इसके साथ ही शिक्षकों को सेवा भाव से कार्य करने के लिए कैसे प्रेरित किया जा सके , इस पर प्रत्येक दिवस विशेष सत्र का भी आयोजन किया जाएगा 1 कार्यशाला में यशस्वी जशपुर के सहयोगी संजीव शर्मा एवं सदस्य। संजय दास भी उपस्थित थे ।

## पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया शुरू

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितों की सुरक्षा, पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से आधार आधारित ई-केवाईसी प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इसके तहत सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पंजीयन अभिलेखों का आधार कार्ड में दर्ज जानकारी से मिलान कर आवश्यक संशोधन एवं अद्यतन किए जाएंगे। यह विशेष अभियान 30 जून तक संचालित किया जाएगा।

■ विशेष अभियान 30 जून तक संचालित किया जाएगा

श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को अपने मूल आधार कार्ड के साथ निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में उपस्थित होना होगा। वहां सीएससी संचालक (वीएलई ऑपरेटर) द्वारा श्रमिक की पहचान का सत्यापन कर पोर्टल के 'रजिस्ट्रेशन अपडेशन मॉड्यूल' के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सत्यापन उपरांत श्रमिकों की जानकारी आधार कार्ड में उपलब्ध प्रमाणित विवरण के अनुरूप अद्यतन की जाएगी। इस प्रक्रिया के अंतर्गत श्रमिकों के हिंदी एवं अंग्रेजी में नाम, जन्म तिथि, लिंग तथा मोबाइल नंबर सहित अन्य महत्वपूर्ण विवरणों में आवश्यक संशोधन किया जाएगा। इससे श्रमिकों का डाटाबेस अधिक सटीक एवं अद्यतन होगा तथा भविष्य में ई-केवाईसी और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ वितरण में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आएगी। संशोधन आवेदन के लिए आधार कार्ड की स्पष्ट प्रति, श्रमिक का सहमति पत्र, ई-साइन तथा मोबाइल ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य रखा गया है। लाभार्थी की वास्तविक पहचान सुनिश्चित करने के लिए आवेदन प्रक्रिया के दौरान श्रमिक की लाइव फोटो भी कैप्चर की जाएगी। आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने के बाद प्रत्येक श्रमिक को एक विशिष्ट आवेदन क्रमांक प्रदान किया जाएगा, जिसके माध्यम से आवेदन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

## जिले में स्वास्थ्यकर्मियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** बच्चों में बढ़ते मधुमेह, विशेषकर टाइप-1 डायबिटीज यानी बाल मधुमेह की समय पर पहचान, प्रभावी उपचार, नियमित फॉलोअप तथा समुदाय स्तर पर जागरूकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य विभाग जशपुर तत्वावधान में दिनांक 15 से 17 जून 2026 तक तीन दिवसीय (एक सत्र) उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के चार विकासखंडों कृ कुनकुरी, मनोरा, जशपुर एवं दुलदुला कृ से कुल 300 कर्मियों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रशिक्षण को चरणबद्ध रूप से आयोजित किया गया, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, मितानिन कार्यक्रम से जुड़े जिला समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक एवं मितानिन प्रशिक्षक, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला/महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता शामिल हुईं।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मैदानी स्वास्थ्यकर्मियों एवं समुदाय स्तर पर कार्यरत प्रमुख स्वास्थ्यकर्मियों को टाइप-1 डायबिटीज के लक्षणों, शीघ्र पहचान, उपचार, परामर्श, फॉलोअप एवं समग्र देखभाल के संबंध में तकनीकी रूप से सशक्त बनाना था, ताकि बाल मधुमेह से प्रभावित बच्चों को समय पर उचित सहयोग, उपचार एवं सेवाओं से जोड़ा जा सके।

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा बाल मधुमेह के प्रमुख लक्षणों जैसे अत्यधिक प्यास लगना, बार-बार पेशाब आना, वजन घटना, थकान, भूख बढ़ना तथा बीमारी की स्थिति में समय पर रेफरल की आवश्यकता पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि टाइप-1 डायबिटीज से प्रभावित बच्चों के लिए नियमित इंसुलिन उपयोग, रक्त शर्करा की निगरानी, संतुलित आहार, स्कूल एवं परिवार का सहयोग तथा आपातकालीन स्थितियों की समय पर पहचान अत्यंत आवश्यक है।

यह उन्मुखीकरण कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जशपुर डॉ. घनश्याम सिंह जात्रा, डीपीएम राजीव रंजन मिश्रा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ, जानकी भगत ,जिला एनसीडी नोडल अधिकारी डॉ उदय प्रकाश भगत, जिला एनसीडी सलाहकार डॉ. रूपा प्रधान द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

## लोयोला कॉलेज में शिक्षकों का दो दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम

**जशपुरनगर/कुनकुरी।** उच्च शिक्षा के बदलते परिदृश्य में शिक्षकों की भूमिका को और अधिक प्रभावी, जवाबदेह और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से कुनकुरी के लोयोला कॉलेज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) द्वारा दो दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति-2020, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, शोध एवं प्रकाशन, डिजिटल शिक्षा, मूल्यांकन प्रणाली और संस्थागत गुणवत्ता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति फादर जेरोम मिंज एवं फादर डॉ. प्रदीप केरकेट्टा ने ₹आज के संदर्भ में उच्च शिक्षा की चुनौतियां और अवसर₹ विषय पर विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान समय में केवल पाठ्यक्रम पूरा करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को रोजगार, शोध, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए भी तैयार करना शिक्षकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षकों से तकनीक आधारित शिक्षण और निरंतर आत्ममूल्यांकन की संस्कृति अपनाने का आह्वान किया। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने शैक्षणिक उत्कृष्टता, नैतिक मूल्यों, अनुसंधान संस्कृति और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज प्रबंधन ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केवल संसाधनों से नहीं, बल्कि समर्पित और जवाबदेह शिक्षकों से संभव है, इसलिए ऐसे अभिविन्यास कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा तमनार की प्रथम परिचयात्मक बैठक

**तमनार।** विधानसभा लैलूंगा अंतर्गत तमनार मंडल में आयोजित भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रथम परिचयात्मक बैठक में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ। बैठक में मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। इस अवसर पर संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर सार्थक संवाद हुआ। साथ ही संगठन विस्तार एवं युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि भाजयुमो जिला अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पितेश बेहरा, जिला महामंत्री उमाशंकर शर्मा, जिला महामंत्री त्रिलोचन राठिया, जिला उपाध्यक्ष संतोष यादव, जिला कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, जिला सोशल मीडिया प्रभारी दीपक पटनायक, महामंत्री रमेश पटेल, महामंत्री दिलेश्वर साहू, राजेश गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष ममता साहू, श्रीमती जानकी राठिया, कल्पना साहू, रामचरण कुम्भकार, भाजयुमो तमनार मंडल अध्यक्ष खीरसागर महापात्रे, महामंत्री लेखराज साहू, महामंत्री नरेश राठिया तथा रायगढ़ शहर मंडल महामंत्री सौरभ नामदेव सहित मंडल की पूरी टीम के साथ आत्मीय संवाद हुआ।



### कैलाश बने बीजेपी किसान मोर्चा महासमुंद के प्रभारी

**बरमकेला।** बीजेपी किसान मोर्चा, द्वारा संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं किसान हितों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रभारियों एवं सह.प्रभारियों की नियुक्ति की घोषणा की गई है। बरमकेला के वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश पंडा को भाजपा किसान मोर्चा का महासमुंद जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं, किसान मोर्चा पदाधिकारियों एवं समर्थकों में हर्ष है। कैलाश पंडा भाजपा संगठन के उन समर्पित एवं अनुभवी कार्यकर्ताओं में शामिल हैं जिन्होंने वर्षों तक पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाना है।

## पीवीटीजी सर्वे को लेकर कोरवा समाज की शंकाओं का किया गया समाधान

**जशपुरनगर।** विशेष पिछड़ी जनजाति (पीवीटीजी) सर्वेक्षण के संबंध में अपनी बात रखने एवं जानकारी प्राप्त करने के लिए कोरवा समाज के प्रतिनिधि बुधवार को सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण कार्यालय, जशपुर पहुंचे। इस दौरान समाज के लोगों ने सर्वेक्षण प्रक्रिया से संबंधित अपनी समस्याएं एवं शंकाएं प्रशासन के समक्ष रखीं।

सहायक आयुक्त श्री संजय कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को पीवीटीजी सर्वे की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सर्वेक्षण का आधार वर्ष 2002 की सर्वे सूची है। उक्त सूची में शामिल सभी व्यक्तियों का सर्वे कर उनकी मूलभूत जानकारी जैसे आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं अन्य आवश्यक विवरण ग्राम स्तरीय समिति के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिन व्यक्तियों का नाम मूल सर्वे सूची में नहीं है, लेकिन उनके परिवार के अन्य सदस्यों का नाम सूची में दर्ज है, ऐसे मामलों में वंशावली के आधार पर नाम जोड़े जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त जिन व्यक्तियों के राजस्व अभिलेखों अथवा जाति प्रमाण पत्र में पहाड़ी कोरवा या बिरहोर जनजाति का उल्लेख है, उनका भी नियमानुसार सर्वे किया जा रहा है। सहायक आयुक्त ने बताया कि जिन व्यक्तियों का नाम किसी भी सूची या अभिलेख में उपलब्ध नहीं है, उनके मामलों को परीक्षण के लिए आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर तथा क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर को भेजा गया है। इस संबंध में संस्थान रायपुर द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर को आवश्यक पत्राचार भी किया गया है। शीघ्र ही सर्वेक्षण दल संबंधित क्षेत्रों का दौरा कर प्राप्त आवेदनों का परीक्षण करेगा तथा पात्रता संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा। प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

■ सहायक आयुक्त ने कहा- पात्र व्यक्तियों का सर्वे सुनिश्चित, छूटे मामलों का भी किया जा रहा परीक्षण

## 7.84 करोड़ की लागत से पांच नए छात्रावास और आश्रम भवनों का होगा निर्माण

**रायगढ़।** जिले के आदिवासी ब्लॉकों में 7.84 करोड़ की लागत से पांच नए छात्रावास और आश्रम भवनों का निर्माण होगा। खनिज संपदा से प्राप्त संसाधनों का उपयोग जनहित एवं आधारभूत विकास कार्यों में प्रभावी रूप से किया जा रहा है। सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के साथ.साथ खनन प्रभावित आदिवासी अंचलों में शिक्षा के क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए भी लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ के माध्यम से जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों में छात्रावास एवं आश्रम भवनों के निर्माण के लिए 7 करोड़ 84 लाख 43 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

■ खनन प्रभावित क्षेत्रों में शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार को मिलेगी नई गति, खनिज संपदा से संवरेगा आदिवासी अंचलों का भविष्य

इसका उद्देश्य दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्रों में निवासरत छात्र छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। साथ ही विद्यार्थियों को सुरक्षित, सुविधायुक्त एवं अध्ययन के अनुकूल वातावरण उपलब्ध होगा, जिससे उनकी शैक्षणिक प्रगति को नई गति मिलेगी और शिक्षा तक उनकी पहुंच और अधिक सुदृढ़ होगी। डीएमएफ की शासी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप विकासखंड लैलूंगा के बगुडेगा स्थित प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में नवीन भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 52 लाख 97 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी तरह केशला स्थित प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 52 लाख 97 हजार की मंजूरी प्रदान की गई है। घरघोड़ा ब्लॉक के नवापारा टेंडा क्रमांक 02 स्थित आदिवासी बालक छात्रावास में नवीन भवन निर्माण के लिए भी 1 करोड़ 52 लाख 97 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। वहीं विकासखंड खरसिया के बड़े डूमरपाली स्थित आदिवासी कन्या आश्रम भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 62 लाख 76 हजार तथा तमनार ब्लॉक के गोढ़ी स्थित आदिवासी कन्या आश्रम भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 62 लाख 76 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

जिला प्रशासन द्वारा कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता तथा समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग एवं समीक्षा की व्यवस्था भी की गई है। स्वीकृत परियोजनाओं के पूर्ण होने के पश्चात खनन प्रभावित क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर आवासीय सुविधाओं का लाभ मिलेगा। विशेष रूप से दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों के छात्र छात्राओं को शिक्षा जारी रखने में सुविधा होगी तथा विद्यालयों में नामांकन और नियमित उपस्थिति को भी बढ़ावा मिलेगा। यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी विकास को मजबूती देने के साथ साथ आदिवासी अंचलों के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## प्रतिभाओं को मिला सम्मान, उत्साह के साथ पूरा हुआ कैंप

**घरघोड़ा।** पीएम स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय घरघोड़ा में आयोजित ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आज भव्य वातावरण में समापन किया गया। समापन समारोह में समर कैंप के दौरान विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था।




ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान आयोजित इस समर कैंप में विद्यार्थियों ने योग, खेलकूद, चित्रकला, पोस्टर निर्माण, पर्यावरण संरक्षण, व्यक्तित्व विकास तथा रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। बच्चों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और सृजनात्मक सोच का शानदार प्रदर्शन करते हुए यह साबित किया कि अवसर मिलने पर वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। समापन समारोह में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्राचार्य संजय कुमार बहिदार, मनोज कुर्रे, गीता पटेल, कंचनमाला सिन्हा, कमलेश पंडा, कार्तिकेश्वर यादव, श्वेता सिंह, लच्छा जसवानी सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य संजय कुमार बहिदार ने कहा कि समर कैंप बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें निखारने का सशक्त माध्यम है। शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि खेल, कला, संस्कार और रचनात्मक गतिविधियां भी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस समर कैंप में बच्चों ने जिस उत्साह, अनुशासन और लगन के साथ सहभागिता की हैए वह निश्चित रूप से उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनेगी। विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे नवाचारपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों ने समर कैंप की सुखद स्मृतियों को साझा किया।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त